कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 10408 / एम–6 / 165 दिनांक 17-08-2026

विषयः– जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 14.08.2026 को "हरसिंहपुर चौपाल में अधिकारी अनुपस्थित, जल जीवन मिशन पर सवालः गामीणों ने उठाई जांच की मांग, हर घर तिरंगा पर जोर" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 14.08.2026 को "हरसिंहपुर चौपाल में अधिकारी अनुपस्थित, जल जीवन मिशन पर सवालः गामीणों ने उठाई जांच की मांग, हर घर तिरंगा पर जोर" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोन में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम हरसिंहपुर में कुल 264 नग हाउस कनेक्शन के सापेक्ष 60 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति की जा रही है। शेष 40 प्रतिशत हाउस कनेक्शन क्षेत्र पंचायत द्वारा भूमिगत नाला निर्माण कार्य के दौरान मुख्य पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण जलापूर्ति से वंचित है। उक्त के समाधान हेतु क्षतिग्रस्त पेयजल पाईप लाइन मरम्मतीकरण का कार्य प्रगति पर है, दिनांक 15.09.2026 तक मरम्मतीकरण कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

भवदीय

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता